Title: Need to provide financial assistance to Government of Jammu and Kashmir for early completion of construction of bridge over river Chenab.

वैद्य विष्णु दत्त शर्मा (जम्मू) : महोदय, मैं इस वक्तव्य द्वारा जम्मू व कश्मीर प्रदेश के जिला जम्मू की तहसील अखनूर के दरिया चिनाव पर बने पुल की ओर ध्यान दिलाना चाहूंगा। यह पुल इस सीमावर्ती क्षेत्र छम्ब, जेओड़ियां, पंलावाला, राजौरी व पुंछ के लिए एकमात्र पुल है। पिछले दिनों यह पुल भारी बरसात के कारण बह गया था, जिससे स्थानीय निवासियों व सेना को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। श्रीमान् जी, भगवान न करे कि कभी आपात काल में ऐसा कुछ हो, हमें ऐसी आपदाओं से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए। इस दरिया पर दूसरे पुल का कार्य कई वर्षों से निर्माणाधीन पड़ा हुआ है। अब तक किसी भी सरकार का ध्यान इस ओर नहीं गया, यह एक चिन्ता का विषय है। मैं आपके माध्यम से पूरे सदन से व सरकार से पुरजोर अपील करता हूं कि इस चिन्ताजनक विषय की ओर ध्यान दें व पुल निर्माण कार्य को जल्दी से जल्दी शुरू करने का आदेश दें ताकि भविष्य में आने वाले खतरे से बचा जा सके। इसके लिए राज्य सरकार को आवश्यक धन उपलब्ध कराया जाए। सधन्यवाद।